यूटीयू के छात्रों और शिक्षकों को प्रशिक्षण देगा नैसकाम

देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के छात्रों, शिक्षकों और शिक्षकों को तकनीकी स्तर पर और कुशल बनाने के लिए नेशनल एसोसिएशन आफ साफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकाम) प्रशिक्षण देगा। इसके लिए यूटीयू और नैसकाम के बीच एमओयू हुआ है। जिस पर शुक्रवार को यूटीयू से कुलसचिव डा. सत्येंद्र सिंह एवं नैसकाम के हैड आपरेशन डा. उपमिथ सिंह ने हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि विवि और नैसकाम के बीच हुए एमओयू के अंतर्गत विवि के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें वर्तमान में उभरती तकनीकी और उसके कौशल के बारे में जानकारी दी जाएगी। विवि के इंजीनियरिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट और विधि के छात्रों को डिजिटली माध्यम से कौशल विकास के क्षेत्र में सहायता प्रदान की जाएगी। कुलपति ने कहा कि वर्तमान में उभरती नई-नई आइटी टेक्नोलाजी में एक नई रूपरेखा व एक समावेशी वन स्टाप अप स्किलिंग समाधान उपलब्ध कराए जाने की परिकल्पना लाभार्थियों को दी जाएगी। विवि व संबद्ध संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों, शिक्षकों व स्टाफ के कौशल को निखारने के लिए कंपनी इंटरनली कार्य करते हुए देश को डिजिटल हब बनाए जाने का प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि नैसकाम तकनीकी के क्षेत्र में उद्योगों के लिए योग्य एवं कुशल कार्यबल की गुणवत्ता में सुधार किए जाने में मदद करने का संगठन है।(जासं)